# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.02.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. भारत इजरायल संबंधों को नई उच्चाईयाँ देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेसेट के सर्वोच्च सम्मान पाने वाले पहले विदेशी प्रधानमंत्री बने।
2. कृषि मंत्री ने कहा भारत विस्तार ए आई से किसान अब बिना किसी आई टी विशेषज्ञ के मोबाइल पर समाधान प्राप्त कर सकेंगे।
3. राजधानी श्री विजयपुरम में वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एंटी हाइजैक अभ्यास का आयोजन कर आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली का परीक्षण किया गया।
4. अखिल भारतीय नागरी लिपि सम्मेलन कल से हिन्दी भवन में शुरू होगा। कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन के साथ–साथ कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इजरायल के दो दिन के दौर पर हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने इजरायल की संसद नेसेट को संबोधित किया। इजरायल की संसद को संबोधित करने वाले श्री नरेन्द्र मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। अपने संबोधन में श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत मजबूती और विश्वास से इजरायल के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद कहीं भी हो, हर जगह वह शांति के लिए खतरा है और इस खतरे से लड़ने के लिए उन्होंने भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस अवसर पर इजरायल के प्रधानमंत्री बेन्जामिन नेतन्याहू सहित नेसेट के सांसदों ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के भाषण की कई बार जमकर प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों को मज़बूत करने में उनके शानदार योगदान के लिए इजरायल की संसद के सबसे बड़े सम्मान 'स्पीकर ऑफ़ द नेसेट मेडल' से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पाने वाले भारतीय प्रधानमंत्री पहले विदेशी नेता हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी येरुशलम में याद वाशेम कार्यक्रम में भी गए, जहां उन्होंने होलोकॉस्ट के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दीं। प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वदेश रवाना होने से पहले भारतीय मूल के यहूदी समुदाय से संवाद करेंगे।

<><><><><><><>

भारत और इजरायल ने सांस्कृतिक आदान–प्रदान, भू–भौतिकीय अन्वेषण, मत्स्य पालन और जलीय कृषि, यू पी आई और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग के माध्यम से शिक्षाको बढ़ावा देने सहित कई क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों का आदान–प्रदान किया। ये समझौता ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद हुए हैं। श्री मोदीने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आज दोनों पक्षों ने इस दीर्घकालिक साझेदारी को विशेष रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है कि इजरायल की ऐतिहासिक भूमि पर एक बार फिर कदम रखना उनके लिए गर्व और भावुकताका क्षण है।

<><><><><><><>

नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ए. आई. संचालित बहुभाषी डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत विस्तार के बारे में जानकारी देते हुए बताया है कि भारत विस्तार ऐसा एआई प्लेटफॉर्म है कि जिस पर किसान को कहीं जाना नहीं पड़ेगा। उसके ऊपर आईटी एक्सपर्ट नहीं होता सीधे वो मोबाइल पर सवाल पूछे और उसका जवाब मिल जाए, श्री चौहान ने कहा कि ये भारत विस्तार एआई प्लेटफार्म हमने लॉन्च किया है। अब इसको बाकी भाषाओं में भी हम परफैक्ट कर उसमें हर तरह की जानकारी दी जाएगी।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमांड ने आज श्री विजयपुरम हवाई अड्डा पर व्यापक एंटी–हाइजैक अभ्यास आयोजित किया गया। इस अभ्यास में विमान अपहरण का परिदृश्य का अनुकरण कर स्थापित आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की प्रभावशीलता का परीक्षण किया गया। यह अभ्यास आई एन एस उत्क्रोश के समन्वय में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य हवाई अड्डे की आकस्मिक योजना की समीक्षा, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा किसी वास्तविक अपहरण की स्थिति में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को परखना था। अभ्यास में केन्द्रीय औद्योगिकी सुरक्षा बल, राष्ट्रीय सुरक्षा बल, भारतीय विमानन प्राधिकरण तथा राज्य सरकार की एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी की।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर 20 फरवरी को तमिल एवं बंगाली विभाग द्वारा व्याख्यान कक्ष में एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम

का उद्देश्य भाषाई विविधता को प्रोत्साहन देना तथा सांस्कृतिक अस्मिता के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास ने मातृभाषाओं को सांस्कृतिक परंपराओं और स्वदेशी ज्ञान की आधारशिला बताते हुए कहा कि मातृभाषा में मजबूत नींव बौद्धिक विकास को सुदृढ़ करती है और अन्य भाषाओं के अधिगम को सरल बनाती है। डॉ. रतन मजूमदार, डॉ. मंजू नायर, डॉ. के.वी. रमना मूर्ति, डॉ. स्वपन बिस्वास एवं डॉ. माणिक मलिक ने भाषाओं को सामाजिक सद्भाव का सेतु बताते हुए बहुभाषी परिसर की महत्ता रेखांकित की। बंगाली के सहायक प्राध्यापक डॉ. रस बिहारी बनर्जी ने अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला, जबकि समापन संबोधन में विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योतिर्मोय रॉय चौधरी ने लुप्तप्राय भाषाओं के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। संचालन डॉ. तमिल भरथन ने किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न भाषाओं में कविता पाठ, भाषण और समूहगान प्रस्तुत कर कार्यक्रम को बहुरंगी स्वर प्रदान किया। इसी क्रम में हिन्दी साहित्या कला परिषद एवं नागरी लिपि परिषद, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में कल और 28 फरवरी को हिंदी भवन में उनचासवां अखिल भारतीय नागरी लिपि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कल सुबह साढ़े ग्यारह बजे उद्घाटन सत्र होगा। विभिन्न राज्यों एवं विदेशों से विद्वान वक्ता राष्ट्रीय एकता, भारतीय ज्ञान परंपरा और सूचना प्रौद्योगिकी में नागरी लिपि की भूमिका पर विचार रखेंगे। 28 फरवरी को प्रातः सत्रों के पश्चात सायं 4 से 6 बजे तक कवि सम्मेलन आयोजित होगा। आयोजकों ने साहित्यप्रेमियों से सहभागिता का आह्वान किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं प्रशासन के "**स्किल–हब 4.0**" के अंतर्गत जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में निःशुल्क कौशल विकास पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश सूचना जारी की गई है। प्रशिक्षण केंद्र के लिए अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन पंजीकरण हेतु संबंधित वेबसाइट पर जाकर अपनी पंजीकृत आईडी से आवेदन कर सकते हैं। ऑफलाइन पंजीकरण प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में डिजिटल मॉड्यूल आधारित शिक्षण, ड्राई टेलिंग प्रशिक्षण तथा एडवेंचर ट्रैवल गाइड पाठ्यक्रम शामिल हैं।

<><><><><><><>

टैगोर शैक्षणिक संस्थान में सत्र 2025–26 के लिए इतिहास विषय में अतिथि प्राध्यापक के एक रिक्त पद के लिए 5 मार्च को सुबह 10 बजे से साक्षात्कार लिए जाएगें। यह साक्षात्कार महाविद्यालय परिसर में संपन्न होगा। विस्तृत जानकारी महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>